web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 13 जून 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 256

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

24 जून से शुरू होगा 18वीं लोकसभा का पहला सत्र, दोनों सदनों में पीएम मोदी का भी होगा संबोधन

नई दिल्ली । आरएनएस

लोकसभा के नए चुने गए सांसदों के शपथ ग्रहण के लिए 18 वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होने जा रहा है। वहीं राज्यसभा का सत्र 27 जून से शुरू होगा। दोनों सदनों की कार्यवाही 3 जुलाई तक चलेगी।

सत्र के दौरान, जहां लोकसभा में अपने सांसदों की संख्या बढ़ने से उत्साहित विपक्षी दल सरकार को घेरने की कोशिश करते नजर आएंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी दोनों सदनों - लोकसभा और राज्यसभा में अपने भाषण के दौरान अपने तीसरे कार्यकाल के एजेंडे को संसद के जरिए देश की जनता के सामने रखने के साथ-साथ विरोधी दलों पर भी तीखा हमला बोलते नजर आएंगे।

सत्र के दौरान लोकसभा अपने स्पीकर का चुनाव भी करेगी। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को भी संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर दोनों सदनों में अलग-अलग चर्चा भी होगी।

बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब भी देंगे।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने संसद सत्र की तारीखों की घोषणा करते हुए, एक्स पर पोस्ट कर बताया, नवनिर्वाचित सदस्यों की शपथ/पुष्टि, अध्यक्ष के चुनाव, राष्ट्रपति के अभिभाषण और उस पर चर्चा के लिए 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से 3 जुलाई तक बुलाया जा रहा है। राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून को शुरू होगा और 3 जुलाई को समाप्त होगा।

आपको बता दें कि 18 वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होने के पहले दो दिन यानी 24 और 25 जून को लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद संसद सदस्यता की शपथ लेंगे। सांसदों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम के संपन्न हो जाने के बाद सदन को नए अध्यक्ष का भी चयन करना पड़ेगा।

स्थापित परंपरा के अनुसार, सरकार की तरफ से लोकसभा के अध्यक्ष के पद के लिए सांसदों में से ही एक सांसद का नाम प्रस्तावित किया जाएगा। अगर विपक्ष, सर्वसम्मति से लोकसभा अध्यक्ष के चयन के सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार कर लेता है तो फिर चुनाव की नौबत नहीं आएगी। लेकिन अगर विपक्ष अपनी तरफ से भी उम्मीदवार खड़ा करता है तो फिर 26 जून को लोकसभा के नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए सदन में वोटिंग हो सकती है।

दोनों ही सूरतों में लोकसभा के नए अध्यक्ष 26 जून को अपना कार्यभार संभाल लेंगे। 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित कर सकती हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण के जरिए एनडीए की नरेंद्र मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल के एजेंडे को जनता के सामने रखेगी।

परंपरा के मुताबिक, नई सरकार के गठन होने के कारण, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी कैबिनेट के मंत्रियों का परिचय भी सदन से करवाएंगे। सत्र के बाकी बचे हुए दिनों के दौरान, दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसद अपनी-अपनी बात रखेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा और राज्यसभा में अलग-अलग हुई इस चर्चा का जवाब देंगे।

बालू से भरा ट्रक पलटने से एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत

लखनऊ । आरएनएस

उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में बालू से भरा एक ट्रक पलट गया। इस हादसे में एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसा मंगलवार देर रात हुआ। ट्रक पलटने के बाद सड़क किनारे रह रहा पूरा परिवार बालू के नीचे दब गया।

जब तक बालू और ट्रक को हटाकर नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला गया, तब तक चार बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो चुकी थी।

हरदोई के जिलाधिकारी एम.पी. सिंह ने बताया कि ट्रक गंगा किनारे से बालू खनन कर हरदोई जा रहा था। बालू ज्यादा होने के चलते ट्रक मोड़ पर पलट गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह ट्रक के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक एक बच्ची को छोड़कर सभी की मौत हो चुकी थी।

जिलाधिकारी ने बताया, मृतकों की पहचान बल्ला (45), उसकी पत्नी मुंडी (42), बेटी सुनैना (5), बेटी लल्ला (4), बेटी बुद्धू (4), बल्ला के दामाद करन (25), बेटी हीरो (22) और नवासा कोमल (5) के रूप में हुई है। नवासी बिट्टू (4) घायल हो गई। सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

उन्होंने आगे बताया कि अधिकारी दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं।

महत्वपूर्ण एवं खास

बिहार में अपराधियों ने वकील पिता-पुत्र को मारी गोली, मौत

छपरा (आरएनएस)। बिहार के सारण जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह अज्ञात अपराधियों ने पिता और पुत्र की गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जाता है कि मृतक पिता-पुत्र दोनों वकील थे और घटना के वक्त कोर्ट जा रहे थे। इधर, घटना के बाद वकीलों में आक्रोश है। पुलिस के मुताबिक, मेथवलिया गांव निवासी अधिवक्ता (वकील) राम अयोध्या राय अपने पुत्र सुनील राय के साथ बाइक पर सवार होकर कोर्ट जा रहे थे, तभी मोटरसाइकिल पर आए पांच-छह अपराधियों ने दोनों को घेर लिया और गोली मारकर फरार हो गए। दोनों को तत्काल सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल से कारतूस के कई खोखे भी मिले हैं। घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। हालांकि, शुरुआती तौर पर भूमि विवाद को इसकी वजह बताया जा रहा है। पुलिस अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही अधिवक्ताओं की टीम ने छपरा सदर अस्पताल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। घटना के बाद अधिवक्ताओं में आक्रोश है।

राशन कार्ड को आधार से लिंक करने की समयसीमा बढ़ी

नई दिल्ली (आरएनएस)। सरकार ने जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशन लेने वाले लाभार्थियों के लिए राशन कार्ड को आधार से लिंक करने के लिए समय सीमा तीन महीने बढ़ा दी है। केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग की एक अधिसूचना में कहा गया है कि अब 30 सितंबर 2024 तक उपभोक्ता राशन कार्ड को आधार से लिंक करा सकेंगे। पिछली अधिसूचना में इसके लिए 30 जून 2024 तक का समय दिया गया था। सरकार ने फरवरी 2017 में पीडीएस के तहत लाभ लेने के लिए राशन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करना अनिवार्य किया था। हालांकि इसकी समयसीमा अब तक कई बार आगे बढ़ाई गई है। अधिसूचना के अनुसार, तय समय में या तो राशन कार्ड को आधार से लिंक करना होगा या जिन लाभार्थियों के पास आधार नहीं है उन्हें इसके लिए आवेदन कर उसका प्रमाण जमा करना होगा। ज्यादातर पीडीएस उपभोक्ता अपने राशन कार्ड को पहले ही आधार से लिंक करवा चुके हैं। तत्कालीन उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने 20 दिसंबर 2023 को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया था कि अब तक लगभग 99.8 फीसदी राशन कार्डों को आधार से जोड़ दिया गया है।

दिल्ली समेत उत्तर भारत के राज्य भीषण लू की चपेट में, रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी

नईदिल्ली (आरएनएस)। मानसून आने से पहले दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्य भीषण लू की चपेट में हैं। भारतीय मौसम विभाग ने राज्यों में गर्मी को देखते हुए रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक सोमा सेन ने बताया कि अभी आसमान साफ है जिसके कारण पूरे उत्तरी क्षेत्र में लू की स्थिति बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि लू के प्रकोप को देखते हुए बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड में रेड अलर्ट जारी है। सेन ने कहा कि बिहार में 2 दिन, झारखंड में 3 दिन और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले 5 दिन तक लू का प्रकोप रहेगा।

कठुआ में दूसरा आतंकी भी ढेर, बैग से मिली चपाती चॉकलेट और चौंकाने वाली चीजें

❑ सेना को बड़ी कामयाबी

श्रीनगर । आरएनएस

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सेना को बड़ी कामयाबी मिली है। मुठभेड़ में अब तक दो आतंकियों को मार गिराया जा चुका है। सुबह यहां पर गोलीबारी में एक आतंकी को मौत के घाट उतारा गया है था, हालांकि इसके बाद भी सर्च ऑपरेशन जारी था। दोपहर तक सेना के जवानों को एक और सफलता मिली। मुठभेड़ में दूसरे आतंकी को भी ढेर कर दिया गया। बता दें कि कठुआ जिले के एक गांव में सुबह हुए आतंकी हमले के बाद से ही सेना और आतंकियों के बीच गोलीबारी और लुका-छिपी चल रही थी। जंगलों में आतंकी छिपने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन सेना ने उन्हें घेरने की पुख्ता तैयारी कर ली। खास बात यह है कि मारे गए आतंकियों के बैग से चौंकाने वाली चीजें सामने आ रही हैं।

आतंकियों के बैग से दहशत फैलाने के सामानों को बरामद किया गया है। यही नहीं कुछ चौंकाने वाली चीजें भी हैं जो बताता है कि आतंकी लंबे वक्त यहां रहने का प्लान बनाकर आए थे। मारे गए आतंकी के बैग से पाकिस्तान की चॉकलेट, चपातियां और चना जैसे खाने की चीजें मिली हैं। ये बताती हैं कि उनकी आगे तक रुकने की तैयारी थी। आतंकी के बैग से मिले दहशत के सामान की बात करें तो इसमें तीन ग्रेनेड, कारतूस, ए4 बैटरी के दो पैक जिससे धमाका करने में मदद मिलती है। एक हैंडसेट एंटिना और कई राउंड गोलियां मिली हैं। बैग में एक लाख रुपए नकद भी मिला है जो इनके सामान खरीदने में मदद कर सकता था। इसके साथ ही पाकिस्तान में बनी चॉकलेट, चना और कुछ चपातियां भी मिलीं। इसके अलावा पाकिस्तान में ही बनी दवाइयां और कुछ इंजेक्शन भी इनके बैग से मिले हैं।

जम्मू में दो मुठभेड़ों में एक आतंकवादी ढेर, सीआरपीएफ जवान शहीद, छह घायल

जम्मू । आरएनएस

जम्मू-कश्मीर के जम्मू संभाग में 24 घंटे के भीतर दो मुठभेड़ हुई, जिनमें एक आतंकवादी मारा गया। आतंकवादियों का मुकाबला करते हुए सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया। वहीं, सेना के पांच जवान और एक एसपीओ घायल है।

अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को कठुआ जिले के हीरानगर इलाके के सेडा सोहल गांव में आतंकवादियों की सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ हुई, जिसमें एक आतंकवादी मारा गया।

अधिकारियों ने बुधवार को बताया, मुठभेड़ में सीआरपीएफ के 121 बटालियन के कांस्टेबल कबीर दास शहीद हो गए। वह कल सेडा सोहल गांव में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, इलाज के दौरान आज अस्पताल में उनकी मौत हो गई।

दूसरे आतंकी की तलाश के लिए सेडा सोहल गांव में तलाशी अभियान जारी है। आतंकी कल गांव में घुसे थे और ग्रामीणों से पानी तथा गाड़ी की मांग कर रहे थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने गांव की घेराबंदी की और आतंकियों पर लगातार गोलीबारी की। कल एक आतंकी मारा गया और दूसरे की तलाश की जा रही है। गांव में आतंकियों की गोलीबारी में एक नागरिक भी घायल हो गया।''

एक अन्य मुठभेड़ में आतंकवादियों ने बुधवार तड़के करीब 1.45 बजे डोडा जिले के चत्तरगल्ला इलाके में सेना और पुलिस के संयुक्त नाका (चेकपोस्ट) पर गोलीबारी की।

आतंकवादियों की शुरुआती गोलीबारी में सेना के पांच जवान और पुलिस का एक एसपीओ घायल हो गया। सुरक्षाबलों ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए आतंकवादियों पर ताबड़तोड़ गोलीबारी की।

अधिकारियों ने बताया कि इलाके में गोलीबारी बंद हो गई है और अब वहां तलाशी अभियान जारी है।

इससे पहले जम्मू संभाग के रियासी में रविवार को आतंकवादियों ने एक बस पर घात लगाकर हमला किया था जिसमें 10 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी।

नीट-यूजी 2024: दिल्ली हाईकोर्ट ने एनटीए को जारी किया नोटिस

नई दिल्ली । आरएनएस

दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को चार नई याचिकाओं पर नोटिस जारी किए। याचिकाओं में ग्रेस मार्क्स दिए जाने को चुनौती दी गई है और 5 मई को आयोजित नीट (यूजी) परीक्षा में पेपर लीक होने का आरोप लगाया गया है।

वेकेशन बेंच की जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने याचिकाओं पर नोटिस जारी कर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से जवाब मांगा है।

स्टूडेंट्स आदर्श राज गुप्ता, केया आजाद, मोहम्मद फ्लोरेज और अनावद्या की ओर से दायर याचिकाओं पर सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया, परीक्षा के संबंध में सुप्रीम कोर्ट समेत विभिन्न अदालतों में कई रिट याचिकाएं दायर की गई हैं।

तुषार मेहता ने कहा कि इन याचिकाओं में उठाए गए मुद्दे तीन श्रेणियों में आते हैं। पेपर लीक होने, प्रश्नों में विसंगति और ग्रेस मार्क आदि हैं।

उन्होंने आगे कहा कि एनटीए सुनवाई के लिए सभी संबंधित याचिकाओं को एकत्रित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने की प्रक्रिया में है।

इस बीच, दिल्ली हाईकोर्ट ने नई याचिकाओं पर नोटिस जारी किए और उन्हें रोस्टर बेंच के सामने 5 जुलाई को सुनवाई के लिए निर्धारित किया।

इस हफ्ते की शुरुआत में, सुप्रीम कोर्ट ने पेपर लीक के आरोपों के कारण नीट (यूजी) परीक्षा रद्द करने की मांग वाली एक अलग याचिका पर भी नोटिस जारी किया था, जिसकी सुनवाई 8 जुलाई को निर्धारित की गई है।

पिछले हफ्ते 17 साल के एक युवक ने नीट (यूजी) 2024 परीक्षा में कथित विसंगतियों को लेकर एनटीए को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का रुख किया था।

स्टूडेंट की ओर से उसकी मां द्वारा दायर याचिका में आयोजित परीक्षा की आंसर की की सत्यता को चुनौती दी गई है।

यह मुद्दा टेस्ट बुकलेट कोड आर5 के प्रश्न संख्या 29 के इर्द-गिर्द घूमता है, जहां 3 जून को जारी अंतिम आंसर की में कथित तौर पर दो सही उत्तर सूचीबद्ध किए गए थे।

यह परीक्षा पुस्तिका में दिए गए निर्देशों के विपरीत है, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि सेक्शन ए में प्रत्येक मल्टीपल च्वाइस प्रश्न के लिए केवल एक ही विकल्प सही हो सकता है।

याचिका में कहा गया है कि एनटीए ने 30 मई को प्रोविजनल आंसर की प्रकाशित की थी और छात्रों को 31 मई तक आपत्तियां उठाने का मौका दिया गया था।

विवादित प्रश्न के लिए क्रमांक 4 को सही माना गया। इस विसंगति का परीक्षार्थियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। इसके बावजूद, फाइनल आंसर की में विवादित प्रश्न के लिए विकल्प 2 और 4 दोनों को सही माना गया।

याचिकाकर्ता का तर्क है कि एनटीए द्वारा दो विकल्पों में से किसी एक को चुनने वाले छात्रों को अंक देने का निर्णय उन लोगों को अनुचित रूप से लाभ पहुंचाता है जिन्होंने सही उत्तरों में से किसी एक का अनुमान लगाया या अनजाने में उसे मार्क कर दिया।

याचिका में दावा किया गया है कि यह उन उम्मीदवारों के साथ भेदभाव करता है जिन्होंने निर्देशों का पालन किया और अस्पष्टता के कारण उत्तर को मार्क करने से परहेज किया।

पश्चिम बंगाल में 4 वर्षीय बच्चे को हुआ बर्ड फ्लू, डब्ल्यूएचओ ने पुष्टि की

कोलकाता । आरएनएस

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पश्चिम बंगाल में 4 वर्षीय बच्चे में बर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि की है। भारत में किसी इंसान में बर्ड फ्लू संक्रमण का यह दूसरा मामला है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, फरवरी में बच्चा बर्ड फ्लू के एच9एन2 वायरस की चपेट में आया था। उसे सांस लेने में दिक्कत, तेज बुखार और पेट में ऐंठन की शिकायत थी। इसके बाद उसे स्थानीय अस्पताल के बाल चिकित्सा गहन इकाई में भर्ती कराया गया था।

बच्चे का 3 महीने तक लंबा इलाज चला, जिसके बाद उसे छुट्टी दे दी गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि बच्चे के परिवार के अन्य लोगों की भी जांच की गई, लेकिन उनमें लक्षण नहीं दिखे। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, बच्चा घर के पास पोल्ट्री फॉर्म के संपर्क में था, जिसकी वजह से उसे बीमारी हुई। डब्ल्यूएचओ ने पास बच्चे के इलाज और टीकाकरण का विवरण उपलब्ध नहीं है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने अभी इस पर कोई बयान नहीं दिया है। डब्ल्यूएचओ ने पश्चिम बंगाल के मामले को भारत में बर्ड फ्लू का दूसरा मामला बताया है। पहला मामला 2019 में सामने आया था। हाल में अमेरिका में भी बर्ड फ्लू से मानव संक्रमण का दूसरा मामला मिला था। पिछले दिनों मैक्सिको में बर्ड फ्लू से एक इंसान की मौत हो गई थी, जिसे दुनिया में वायरस से पहली मौत बताई गई थी। बता दें, स्वास्थ्य विशेषज्ञ बर्ड फ्लू को हल्का संक्रमण मानते हैं, जो अभी तक इंसानों से दूर था।

मोहन चरण माझी ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ

❑ समारोह में प्रधानमंत्री मोदी भी मौजूद

भुवनेश्वर । आरएनएस

ओडिशा में पहली बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है. ओडिशा के मनोनीत मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भुवनेश्वर के जनता मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली. राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पहुंचे हैं. ओडिशा के मनोनीत मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने अपने नए मंत्रिपरिषद के साथ शपथ ग्रहण की. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि ओडिशा में पहली बार बीजेपी की सरकार बनी है. इसके साथ ही 24 साल बाद राज्य में कोई नया मुख्यमंत्री आने वाला है. इससे पहले आंध्र प्रदेश में टीडीपी नेता चंद्रबाबू नायडू ने भी राज्य के नए मुख्यमंत्री की शपथ ली. चंद्रबाबू नायडू चौथी बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं. उनके साथ पवन कल्याण और नारा लोकेश ने भी शपथ ली है.

मोहन चरण माझी के साथ ओडिशा के मनोनीत उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव और पार्वती परिदा के साथ अन्य नेताओं ने भी शपथ ली. माझी के शपथ ग्रहण समारोह में ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा समेत कई केंद्रीय नेता भी मौजूद रहे. ओडिशा शपथ ग्रहण समारोह में भी सुरेश पुजारी, रबिनारायण नाइक, नित्यानंद गोंड और कृष्ण चंद्र पात्रा ने मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के नेतृत्व वाली कैबिनेट में मंत्री के रूप में शपथ ली.

मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के साथ कुछ विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली है. शपथ लेने वाले विधायकों में मुकेश महलिंग, बिभूति जेना, पृथ्वी राज हरिचंदन, कृष्ण चंद महापात्रा, सूर्यबंसी सूरज, नित्यानंद गोंड, संपद स्वाई और प्रवी नायक आदि शामिल हैं. आपको बता दें कि ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी ने 147 विधानसभा सीटों में 78 सीटें जीती हैं. हालांकि पहले मुख्यमंत्री पद के लिए, धर्मेंद्र प्रधान का नाम आगे चल रहा था. धर्मेंद्र प्रधान ओडिशा से सांसद चुने गए हैं, जिनकों केंद्र में शिक्षा मंत्री बनाया गया है.

चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र सीएम के रूप में ली शपथ

❑ भावुक होकर पीएम मोदी को गले लगाया

विजयवाड़ा । आरएनएस

तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष नारा चंद्रबाबू नायडू बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद भावुक हो गए। लाखों लोगों और मशहूर हस्तियों की मौजूदगी में राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद नायडू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गले लगा लिया।

दर्शकों की जोरदार जय-जयकार के बीच 74 वर्षीय नायडू ने तेलुगु में पद और गोपनीयता की शपथ ली। प्रधानमंत्री ने उन्हें बधाई देने के लिए गुलदस्ता भेंट किया।

नायडू इस दौरान काफी भावुक दिखाई दिए, जब उन्होंने पीएम मोदी को गले लगाया। फिर वो अपनी पत्नी भुवनेश्वरी के बगल में अपनी कुर्सी पर वापस आकर बैठ गए।

2021 में नायडू ने अपनी पत्नी का वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के कुछ विधायकों द्वारा कथित रूप से अपमान किए जाने के बाद विधानसभा से वॉकआउट किया था और तभी उन्होंने कसम खाई थी कि वो एक दिन फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

मंत्री पद की शपथ लेने के बाद जन सेना नेता पवन कल्याण अपने बड़े भाई मेगास्टार चिरंजीवी के पास गए और उनके पैर छुए। चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश ने मंत्री पद की शपथ ली। टीडीपी महासचिव लोकेश ने अपने पिता, प्रधानमंत्री मोदी और राज्यपाल का आशीर्वाद लिया।

विजयवाड़ा के गन्नावरम हवाई अड्डे के पास केसरपल्ली आईटी पार्क में आयोजित समारोह में एनडीए के कुल 24 मंत्रियों ने शपथ ली। मंत्रियों में जन सेना के तीन और भाजपा का एक मंत्री है।

इस अवसर पर पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमना, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जे.पी. नड्डा, नितिन गडकरी, राम मोहन नायडू, पेम्मासनी चंद्रशेखर, चिराग पासवान, किशन रेड्डी, रामदास आठवले, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, टीडीपी भाजपा अध्यक्ष डी. पुरंदेश्वरी मौजूद थे।

मंच पर सुपरस्टार रजनीकांत, चिरंजीवी, लोकप्रिय अभिनेता और टीडीपी विधायक एन. बालकृष्ण भी मौजूद थे।